उत्तर प्रदेश शासन

वित्त (लेखा-परीक्षा) अनुभाग-2

संख्या-9/2021-75258/10-25001(002)/2/2021-4-

लखनऊ : दिनांक 30 जून, 2021

कार्यालय-आदेश

उत्तर प्रदेश स्थानीय निधि लेखा परीक्षा सेवा वेतनबैण्ड-3, रू0 15600-39100, ग्रेड पे 6600 (पुनरीक्षित पे मैट्रिक्स लेवेल-11) में पदोन्नति हेतु दिनांक 04-12-2020 को सम्पन्न विभागीय चयन समिति की बैठक में की गयी संस्तुति पर सम्यक विचारोपरान्त श्री शिव प्रसाद गर्ग, उप निदेशक, अलीगढ़ मण्डल, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, अलीगढ़ के अधिवर्षता आयु पूर्ण कर दिनांक 30.06.2021 को सेवानिवृत्ति होने के फलस्वरूप दिनांक 01.07.2021 को प्राप्त होने वाली रिक्ति के सापेक्ष श्री उदय कुमार, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी, सन्त रविदास नगर (भदोही) को उप निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से पदोन्नति प्रदान करने तथा अलीगढ़ मण्डल, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, अलीगढ़ के रिक्त पद पर तैनात किये जाने की श्री राज्यपाल द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान की जाती हैं।

2- श्री उदय कुमार, उप निदेशक, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ के पद पर कार्यभार ग्रहण कर कार्यभार प्रमाणक शासन को उपलब्ध कराएगें।

आर0एल0 त्रिपाठी
विशेष सचिव।

संख्या-9/2021-75258/10-25001(002)/2/2021-4-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- निदेशक, कोषागार, उ0प्र0 लखनऊ।
3- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, प्रयागराज।
4- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, अलीगढ़/सन्त रविदास नगर (भदोही)।
5- सम्बन्धित अधिकारी।
6- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

सजीवन
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।